समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# टूटा रुपया, फिसला बाजार..., भारत-पाकिस्तान तनाव से 600 अंक गिरा सेसेंक्स, निफ्टी 24100 के नीचे।

Publisher
Published on 09 May 2025



## युद्ध की आहट के बीच हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार 9 मई को सेसेंक्स 600 अंक टूट गया. जबकि निफ्टी 24100 के नीचे आ गया है.

सीमा पर भारत और पाकिस्तान के बीच भारी तनाव का सीधा असर शेयर बाजार पर पड़ता हुआ दिख रहा है. युद्ध की आहट के बीच हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार 9 मई को मार्केट खुलते ही बड़ी गिरावट देखी जा रही है. सुबह 9.24 मिनट पर सेंसेक्स 577.59 प्रतिशत नीचे गिरकर 79,757.22 के स्तर पर पहुंच गया. जबकि निफ्टी 50 भी 207.50 अंक फिसलकर 24,066.30 के स्तर पर आ गया. इसके बाद सेंसेक्स 600 अंक तक टूट गया. इससे पहले गुरुवार को भी शेयर बाजार में गिरावट देखी गई थी.

रुपया भी डॉलर के मुकाबले और 10 पैसे कमजोर होकर 85.81 रुपये प्रति डॉलर पर खुला. एक दिन पहले रुपये 85.71 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था. तनाव की वजह से बाजार में बनी अनिश्चितता के बीच अधिकतर शेयर में गिरावट का दौर जारी रहा. हालांकि, चौथी तिमाही के नतीजे की वजह से निफ्टी50 पर टाइटन, एलएंडटी, BEL, टाटा मोटर्स और डॉक्टर रेड्डी के स्टॉक्स में शुरुआती बढ़त दिखी. जबकि मेटल, रियल्टी, NBFC और एफएमसीजी सेक्टर में सबसे ज्यादा गिरावट दिख रही है.

गुरुवार को 5 लाख करोड़ रुपये का नुकसान
डोमेस्टिक स्टॉक मार्केट में गुरुवार को बड़ी गिरावट की वजह से निवेशकों को 5 लाख करोड़ रुपये का भारी नुकसान उठाना पड़ा. BSE का मानक सूचकांक सेंसेक्स कारोबारी सेशन के दूसरे हिस्से में बिकवाली का जोर रहने से 411.97 प्वाइंट यानी 0.51 फीसदी गिरकर 80,334.81 के स्तर पर आकर बंद हुआ. व्यापक बाजार में BSE मिडकैप सूचकांक में 1.90 फीसदी और

स्मॉलकैप में 1.05 फीसदी की गिरावट देखने को मिली.

इस गिरावट से बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटल 5,00,037.74 करोड़ रुपये कम होकर 4,18,50,596.04 करोड़ रुपये (4.93 लाख करोड़ डॉलर) रह गया. BSE पर कुल 2,548 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए जबकि 1,349 कंपनियों में तेजी रही और 135 अन्य में किसी तरह का कोई बदलाव नहीं दिखा.

दोनों देशों के बाजार पर असर

भारत और पाकिस्तान तनाव के चलते पाकिस्तान के शेयर बाजार में कोहराम मचा हुआ है. एक दिन पहले कराची स्टॉक एक्सचेंज में करीब 7 प्रतिशत की बड़ी गिरावट देखी गई. निवेशकों की तरफ से जबरदस्त बिकवाली के भारी दबाव के चलते पाकिस्तान के स्टॉक मार्केट में कारोबार को कुछ देर के लिए रोकना भी पड़ गया था.

हालांकि, बाजार के जानकारों का कहना है कि भारत के शेयर बाजार पर उस तरह का असर देखने को मिलेगा, जैसा पाकिस्तान में देखा जा रहा है. पाकिस्तान का स्टॉक मार्केट क्रैश हो रहा है जबकि इन परिस्थितियों में भारतीय बाजार पूरी दृढ़ता के साथ खड़ा है और ये प्रभाव कुछ समय के लिए और सीमित है.

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.